<u>समाचार</u>

प्रधानमंत्री आवास बनने से अब चैन की नींद सोती है घसनीन बाई

(मोतीसागरपारा कोरबा की रहने वाली घसनीन बाई श्रीवास ने प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले पैसे से बनाया है पक्का मकान)

कोरबा 14 जनवरी 2025 –मोतीसागरपारा कोरबा की रहने वाली घसनीनबाई श्रीवास बताती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले रूपये से उसने कच्चे घर की जगह पक्का मकान बनाया है, अब पहले जैसा सांप, बिच्छु घर में घुसने, बरसात का पानी टपकने का भय नहीं रहा, मैं दिनभर की मेहनत मजदूरी के बाद अब रात को चैन की नींद सोती हूॅ, अब यह भी चिंता नहीं रही कि बरसात से पहले मकान की मरम्मत के लिए पैसे कहॉ से आएंगे, अब मेहमानों के घर आने से कोई दिक्कत भी पैदा नहीं होती, खुशी ही मिलती है।

गरीब निर्धन व कच्चे घरों में रहकर जीवन बसर करने वालों को उनके अपने पक्के मकान के सपने को पूरा करने की भारत सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत अब

लोगों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, लाखों परिवार टूटे–फुटे कच्चे मकान के स्थान पर अब पक्के घरों में रह रहे हैं। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा पुरानी बस्ती कोरबा की रहने वाली घसनीन बाई श्रीवास की कहानी भी कुछ इसी तरह की है। घसनीन बाई अपने परिवार की एक मात्र सदस्य है, अकेली रहती है, एक बेटी थी, जिसकी उसने शादी कर दी है, वह बचपन से ही रोजी मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रही है। घसनीन बाई श्रीवास बताती है कि पहले मेरा मकान झोपड़ीनुमा कच्चा मकान था, बरसात के दिनों में घर में जगह–जगह पानी टपकता था, आए दिन घर में सांप, बिच्छु घुस आते थे, दिनभर मेहनत मजदूरी के कारण थकान के बावजूद वह रात को चैन से सो नहीं पाती थी, रोज कमाती थी, रोज खाती थी तथा इतना पैसा नहीं बचता था कि मैं अपने घर को पक्का कर सकूॅं। वहीं यदि घर में मेहमान आ गए तो मुश्किल और ज्यादा बढ़ जाती थी। घसनीन बाई श्रीवास बताती हैं कि इसी बीच नगर पालिक निगम कोरबा से मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान बनाने के लिए पैसा मिला, जिससे मैंने अपने कच्चे मकान की जगह पक्का मकान बना लिया, अब मैं दिनभर की मेहनत मजदूरी के बाद रात को चैन की नींद सोती हूॅं, अब यह चिंता नहीं है कि बरसात के पहले मकान की मरम्मत के लिए रूपये कहॉं से मिलेंगे और घर में पानी टपकने व घर में सांप, बिच्छु घुस आने का डर भी नहीं रहता। घसनीन बाई श्रीवास ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जता रही है कि इस योजना की बदौलत मेरे अपने पक्के मकान होने का सपना पूरा हुआ है, यदि इस योजना से मुझे पैसे नहीं मिले हुए तो शायद मैं जीवन में कभी भी पक्का मकान न बना पाती।